अमर उजाला

**Sambhal News: नकली दूध बनाने की फैक्टरी पकड़ी, माल बरामद**




सौंधन। कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव करछली में मंगलवार को खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग ने पुलिस के साथ दूध बनाने की फैक्टरी पर छापा मारा। फैक्टरी में जांच पड़ताल करने पर सिंथेटिक (नकली) दूध बनाने का भंडाफोड़ हुआ है। टीम ने मौके पर कस्टर्ड पाउडर, भारी मात्रा में सूखा दूध समेत कई पदार्थ बरामद किए गए हैं।

जिस वक्त टीम ने फैक्टरी पर छापा मारा, उस समय मशीनें चलती हुई मिलीं, जिनके जरिये सिंथेटिक दूध बनाने की तैयारी चल रही थी।
खाद्य निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि गांव करछली निवासी धर्मवीर और उसका भाई छोटे उर्फ जगबीर मिलकर नकली दूध बनाने का काम करते हैं। उन्होंने गांव के आसपास लगभग एक दर्जन से अधिक गांव में दूध की जांच करने वाले उपकरण दे रखे हैं, जहां दूध की खरीदारी होती है। इसी की आड़ में उन्होंने कई वर्षों से नकली दूध बनाना शुरू कर दिया। नकली दूध बनाकर आरोपी उसे टैंकर में भरकर गजरौला पहुंचाते थे। बताया जाता है कि हजारों लीटर की तादाद में दूध बनाया जाता है। घर के अंदर टैंकर भी गाड़ रखे हैं, जो बिल्कुल सुरंग की तरह हैं। उनमें नकली दूध बनाकर रखा जाता था।

Source: https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/sambhal/fake-milk-manufacturing-factory-caught-goods-recovered-sambhal-news-c-275-1-smbd1033-121738-2025-04-23